IDHS साप्ताहिक बुलेटिन
1-833-2-FIND-HELP (1-833-234-6343)
dhs.illinois.gov/helpishere
abe.illinois.gov

आपातकालीन किराया एवं यूटिलिटी सहायता

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (Illinois Department of Human Services) का आवास सहायता कार्यक्रम एक किराया एवं यूटिलिटी (बिजली, पानी, गैस आदि) सहायता कार्यक्रम है जो COVI-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित हुईं पात्र इलिनॉय गृहस्थियों को सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। IDHS ने कार्यक्रम को लागू करने के लिए समुदाय-आधारित संगठनों के साथ साझेदारी की है।

हमारे साझेदार संगठन सक्रिय रूप से आवेदन स्वीकार कर रहे हैं। इच्छुक आवेदकों को इस लिंक के माध्यम से प्रदान की गई जानकारी का उपयोग करते हुए किसी भी संगठन से संपर्क करना चाहिए:
https://www.illinoisrentalassistance.org/providers

कार्यक्रम के बारे में और जानने के लिए, यहां आएं:
www.illlinoisrentalassistance.org.

IDHS की निःशुल्क भावनात्मक सहयोग टेक्स्ट लाइन, CALL 4 CALM

IDHS COVID-19 के कारण मानसिक स्वास्थ्य को पहुंचे नुकसान को मानता और समझता है। तदनुसार, IDHS के मानसिक स्वास्थ्य संभाग (Division of Mental Health (DMH)) ने COVID-19 से संबंधित तनाव और मानसविक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव कर रहे इलिनॉय वासियों के लिए Call4Calm नामक एक निःशुल्क भावनात्मक सहयोग टेक्स्ट लाइन की रचना की।

जो व्यक्ति किसी मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से बात करना चाहते हैं वे “TALK” लिखकर 5-5-2-0-2-0 पर भेज सकते हैं, या स्पेनिश भाषा के लिए, वे “HABLAR” लिखकर इसी नंबर पर भेज सकते हैं। 5-5-2-0-2-0. Call4Calm का उपयोग निःशुल्क है, और व्यक्तियों को बेनाम रखा जाएगा।

जब कोई निवासी हॉटलाइन को टेक्स्ट भेजता है, तो उसे सहयोग प्रदान करने के लिए किसी स्थानीय समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा नियुक्त एक परामर्शदाता की ओर से 24 घंटों के अंदर एक कॉल आती है। लोग मुख्य शब्द, जैसे “unemployment” या “food” या “shelter” लिखकर भी 5-5-2-0-2-0 पर भेज सकते हैं, और उन्हें सहयोगों व सेवाओं तक पहुंचने और उनका लाभ उठाने के तरीके के बारे में जानकारी भेज दी जाएगी।

IDHS अक्तूबर माह को राष्ट्रीय युवा मादक पदार्थ उपयोग निरोध माह के रूप में मना रहा है

IDHS, अपने मादक पदार्थ उपयोग निरोध एवं स्वास्थ्य-लाभ संभाग (Division of Substance Use Prevention and Recovery) के माध्यम से, राज्य में मादक पदार्थ उपयोग विकारों पर ध्यान देने और उनसे लड़ने के प्रयासों का नेतृत्व करता है।

मादक पदार्थ और ड्राइविंग की ख़तरनाक जोड़ी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों को देखते हुए, IDHS 17-23 अक्तूबर को राष्ट्रीय किशोर ड्राइवर सुरक्षा सप्ताह के रूप में भी मान्यता देता है। किशोर-किशोरियों द्वारा मादक पदार्थों का उपयोग, उनके साथ होने वाली दुर्घटनाओं में प्रायः एक भूमिका निभाता है; संयुक्त राज्य अमेरिका परिवहन विभाग (United States Department of Transportation (USDOT)) ने मोटर वाहन दुर्घटनाओं को 15-18 वर्ष के व्यक्तियों की मौत के सबसे प्रमुख कारण के रूप में घोषित किया है।

IDHS का सामुदायिक साझेदार, प्रिवेंशन फ़र्स्ट (रोकथाम सर्वप्रथम) और यूथ प्रिवेंशन रिसोर्स सेंटर (युवा रोकथाम संसाधन केंद्र) निम्न के अनुसार एक-घंटे-के वेबिनार का आयोजन कर रहा है: एल्कोहल एंड टीन ट्रैफ़िक सेफ़्टी (एल्कोहल एवं किशोर यातायात सुरक्षा) के विषय पर मंगलवार, 19 अक्टूबर, सुबह 10:00 बजे (केंद्रिय समय)। कार्यक्रम के लिए यहां पंजीकरण कराएं।

इसके अतिरिक्त, IDHS 23 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक DEA और साझेदारों का राष्ट्रीय प्रेस्क्रिप्शन वापसी दिवस (National Prescription Take Back Day) भी मना रहा है। प्रेस्क्रिप्शन दवाओं के संभावित दुरुपयोग के बारे में जागरुकता फैलाने, और साथ ही प्रेस्क्रिप्शन दवाओं के निपटान का एक सुरक्षित, सुविधाजनक और ज़िम्मेदार तरीका प्रदान करने के लिए इस दिन को मनाया जाता है।

लोग उपयोग में नहीं आईं या एक्सपायर हो चुकीं प्रेस्क्रिप्शन और नॉन-प्रेस्क्रिप्शन दवाओं का निपटान पूरे इलिनॉय में निर्धारित ड्रॉप-ऑफ़ स्थानों पर कर सकते हैं। यदि आप या आपकी एजेंसी की इस कार्यक्रम में जुड़ने की योजना है, तो अपनी स्थानीय विधि प्रवर्तन एजेंसी से साझेदारी करने पर विचार करें।

आप एकत्रण स्थल ढूंढने के लिए www.takebackday.dea.gov पर आ सकते हैं या इन एकत्रण स्थलों के बारे में और जानकारी के लिए DEA पथांतरण नियंत्रण संभाग (Diversion Control Division) के पंजीकरण कॉल सेंटर को 1-800-882-9539 पर कॉल कर सकते हैं।

IDHS ने ओपिऑइड की महामारी से लड़ने और ओपिऑइड संबंधी मौतों की रोकथाम के प्रयासों को दिया विस्तार

2020 में, इलिनॉय में ओपिऑइड की ओवरडोज़ से 2,944 मौतें हुई थीं। इलिनॉय में इस कारण से रिकॉर्ड हुईं मौतों की यह सर्वोच्च वार्षिक संख्या है।

IDHS का मादक पदार्थ उपयोग निरोध एवं स्वास्थ्य-लाभ संभाग (Division of Substance Use Prevention and Recovery (SUPR)) ओपिऑइड की महामारी और अन्य मादक पदार्थ उपयोग विकारों से लड़ने के राज्य के प्रयासों का नेतृत्व करता है।

इसलिए, IDHS इस जीवन रक्षक दवा, नालोक्सोन (Naloxone), तक पहुंच का विस्तार करके ओपिओइड संकट से लड़ने के उद्देश्य से लगभग 13 मिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है। नालोक्सोन एक ओपिओइड विरोधी है जिसका उपयोग ओपिओइड ओवरडोज के उपचार के लिए किया जाता है, जैसे कि हेरोइन और फेंटेनाइल। दवा पूरी तरह से सुरक्षित है और इसे नाक के स्प्रे के माध्यम से या अंत: पेशीय इंजेक्शन के साथ दिया जा सकता है। इंट्रानैसल नालोक्सोन उत्पाद, Narcan, को कोई भी (गैर-चिकित्सा पेशेवर) द्वारा दिया जा सकता है, और ड्रग्स का उपयोग करने वाले व्यक्तियों के दोस्तों और प्रियजनों को Narcan साथ में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

संगठन, जो इस कार्यक्रम के माध्यम से Narcan को ऑर्डर करना चाहते हैं, प्रक्रिया शुरू करने के लिए www.dhs.state.il.us/AccessNarcan पर जा सकते हैं।

इलिनॉय में ओपिऑइड महामारी की अवस्था के बारे में और जानकारी के लिए, आप इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (Illinois Department of Public Health) की अर्द्धवार्षिक ओपिऑइड रिपोर्ट यहां देख सकते हैं: http://www.dph.illinois.gov/sites/default/files/publications/idph-semiannual-opioid-report-august-2021.pdf

यदि आप या आपका कोई परिचित मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहा है, तो ओपिओइड और अन्य पदार्थों के लिए राज्य की हेल्पलाइन को 1-833-234-6343 पर कॉल करें, "HELP" को 833234 पर टेक्स्ट करें, या HelplineIL.org पर जाएं।

GATA प्रशिक्षण

इलिनॉय अनुदान जवाबदेही एवं पारदर्शिता अधिनियम (Grant Accountability and Transparency Act (GATA)) को ऐसे राजकीय अनुदानों हेतु एकरूप प्रक्रियाएं प्रदान करने के लिए बनाया गया था जो संघीय प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) और लेखापरीक्षण (ऑडिटिंग) मानकों का अनुपालन करते हैं।

इलिनॉय समुदायों को सेवा देने वाले संगठनों की बेहतर ढंग से मदद करने के लिए, IDHS GATA तकनीकी सहायता अधिगम प्रबंधन प्रणाली (Learning Management System (LMS)) का विकास अनुदान आवेदन प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए किया गया था।

यह प्रणाली अपनी-अपनी गति से ऑनलाइन सीखने के लिए उपलब्ध है जिसमें पांच मॉड्यूल्स हैं। सभी मॉड्यूल्स को पूरा करने में अनुमानतः 24 घंटे का समय लगता है, हालांकि यह प्रणाली अपनी गति से ऑनलाइन सीखने के लिए उपलब्ध है, जिसे अलग-अलग मॉड्यूल्स में विभाजित किया गया है।

सीधे GATA प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अधिगम (लर्निंग) प्रबंधन प्रणाली के साइन-इन पेज पर जाने के लिए यहां क्लिक करें।

विषय-वस्तु की सामग्री से संबंधित प्रश्नों एवं सहायता के लिए यहां ईमेल भेजें: DHS.GATATraining@illinois.gov.

यदि आपको GATA के बारे में कोई प्रश्न पूछना हो, तो जान लें कि IDHS ने अंग्रेज़ी और स्पेनिश में GATA का एक उच्च स्तरीय संक्षिप्त विवरण प्रदान करने के लिए एक-एक घंटे के सत्र आयोजित किए थे।
अंग्रेजी के लिए यहां क्लिक करें। स्पेनिश के लिए यहां क्लिक करें।